**आकाशवाणी गोरखपुर**
**प्रादेशिक समाचार**

दिनांक–05 सितम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से चयनित एक हजार 334 अवर अभियंता, संगणक और फोरमैन को सौंपे नियुक्ति–पत्र।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज तीनों सेनाओं के पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन–जेसीसी को करेंगे संबोधित।
- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में फिरोजाबाद और रायबरेली को अलग–अलग श्रेणी में मिला पहला स्थान।
- प्रदेश में आज मनाया जा रहा है शिक्षक दिवस। उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले शिक्षकों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे सम्मानित

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित एक हजार 334 अवर अभियंता, संगणक और फोरमैन को नियुक्ति–पत्र वितरित किए। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि नियुक्त पाने वालों में हर जनपद का प्रतिनिधित्व दिखता है। नियुक्ति प्रक्रिया में आरक्षण नियमों का पालन करते हुए बिना भेदभाव प्रतिभाशाली युवाओं को नियुक्ति की प्रक्रिया से जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर सरपट दौड़ रहा है और देश का ग्रोथ इंजन बनकर उभर रहा है।

***पिछले सात साढ़े सात वर्ष के अंदर नियुक्ति की जो प्रक्रिया में पारदर्शिता और शुचितापूर्ण तरीके से कार्यवाही आगे बढ़ी है। हम लोग साढ़े 6 लाख से अधिक सरकारी नियुक्ति प्रदेश के युवाओं को देते है, इन युवाओं ने अपनी अर्जी और प्रतिभा का लाभ प्रदेश को दिया। आज जब हमारे पास मैनपावर की कमी पूरी हुई। यही प्रदेश जो देश के विकास का बैरियर माना जाता था, आज सरपट तरीके से दौड़ता हुआ दिखाई दे रहा है और यही प्रदेश जो बैरियर था, आज देश के विकास का ग्रोथ इंजन बना। आज से साढ़े सात वर्ष पहले यह प्रदेश देश की सातवीं बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में जाना जाता था, आज यही प्रदेश नम्बर दो की अर्थव्यवस्था बन चुका है।***

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पहले कोई निवेश करने नही आता था। आज चालीस लाख करोड़ रूपये के निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इनसे सीधे–सीधे डेढ़ करोड़ नौजवानों को नौकरी मिलेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल प्रयागराज में जनपद स्तरीय रोजगार और ऋण मेले में पांच हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किये। साथ ही सात हजार एक सौ अड़तीस लाभार्थियों को पांच सौ दस करोड़ रुपये से अधिक के ऋण और पंन्द्रह हजार से अधिक युवाओं को टैबलेट और स्मार्टफोन बांटे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार अपने हर दायित्व का निवर्हन पूरी ईमानदारी के साथ कर रही है। जीरो–टॉलरेंस नीति के साथ हर बहन, बेटी, नागरिक और व्यापारी को सरकार सुरक्षा प्रदान कर रही है और युवाओं को रोजगार से जोड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह वर्ष हमारे लिए महत्वपूर्ण है क्योकि बारह वर्ष बाद, दो हजार पच्चीस में महाकुंभ होगा, जिसमें हमारा प्रयागराज वैश्विक स्तर पर अपनी चमक विखेरेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत पैतालीस जनपदों के पांच सौ पचपन आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण किया। साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और सहायिकाओं के बैंक खातों में बीमा प्रीमियम और यूनिफॉर्म के लिये सैंतीस करोड़ अठहत्तर लाख रुपये की राशि भेजी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को पूर्ण करने में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका अहम है। उन्होंने कहा कि बच्चे स्वस्थ होंगे, तभी भारत समृद्ध होगा।

**********

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल तीन दिवसीय दौरे पर लखनऊ पहुंचे। वह आज तीनों सेनाओं के पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन–जेसीसी को संबोधित करेंगे। देश की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने के लिए पहले संयुक्त कमांडर सम्मेलन–जेसीसी का कल लखनऊ में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने उद्घाटन किया। इस अवसर पर उनके साथ थल सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी और वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल विवेक राम चौधरी भी मौजूद रहे। सम्मेलन में तीनों सेनाओं के अन्य शीर्ष अधिकारियों ने भी भाग लिया। देश में मौजूद सुरक्षा स्थिति और सशस्त्र बलों की रक्षा तैयारी की समीक्षा करते हुए सीडीएस ने विभिन्न क्षेत्रों में एकीकरण को बढ़ाने पर जोर दिया। तीन दिवसीय दौरे के पहले दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए।

**********

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से कराये गये स्वच्छ वायु सर्वेक्षण दो हजार चौबीस में दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में आगरा ने तीसरा स्थान हासिल किया है, जो वायु गुणवत्ता प्रबंधन के प्रयासों में महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है। इसी तरह तीन से दस लाख जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में फिरोजाबाद पहले स्थान पर है। वहीं इस श्रेणी में झांसी तीसरे स्थान पर है। शहर का औद्योगिक उत्सर्जन नियंत्रण और शहरी हरित क्षेत्रों को बढ़ावा देना, वायु गुणवत्ता के सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। इसी क्रम में तीन लाख से कम जनसंख्या वाले शहरों की श्रेणी में प्रदेश के रायबरेली ने पहला स्थान हासिल किया है।

**********

आज शिक्षक दिवस है। डाक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णनन के जन्म दिवस पर हर वर्ष पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर आज प्रदेश के सभी जिलों के विभिन्न विश्वविद्यालय, कॉलेज, स्कूल और शैक्षिक संस्थाओं में शिक्षकों को सम्मानित करने के साथ ही कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज गोरखपुर के गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में उत्कृष्ट शिक्षण कार्य करने वाले बेसिक शिक्षा के इक्तालीस और माध्यमिक शिक्षा के तेरह शिक्षकों को राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित करेंगे। इनमे से दो प्रधानाचार्यो को मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष दो हजार तेइस में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए जिन दो प्रधानाचार्यो को मुख्यमंत्री पुरस्कार मिलेगा उनमें कासगंज के सूरज प्रसाद डागा सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के भूपेन्द्र कुमार सिंह और कन्नौज के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज के अनिल कुमार मिश्र शामिल हैं। पुरस्कार विजेता शिक्षकों को पचीस हजार रूपये का चेक और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया जाएगा।

इसी क्रम में लखनऊ में आज से देश के सबसे बड़े कवि सम्मेलन कवि कुंभ का शुभारंभ होगा।

**********

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कल लखनऊ में भाजपा के सदस्यता अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि दो सितंबर से पचीस सितंबर तक अभियान का पहला चरण चलेगा। इसके बाद दस अक्टूबर से दूसरे चरण की शुरुआत होगी जो पन्द्रह अक्टूबर तक चलेगा। श्री पाठक ने बताया कि इग्यारह से सत्रह सितम्बर तक घर घर जाकर भाजपा कार्यकर्ता सदस्यता अभियान के लिए लोगों से सम्पर्क करेंगे। दूसरे चरण के तहत दस अक्तूबर से इकतीस अक्तूबर तक सक्रिय सदस्यता अभियान होगा, जो भी सदस्य इस दौरान सौ साधारण सदस्य बनाएगा, उसे सक्रिय सदस्य के रूप में सदस्यता मिलेगी। वहीं हर रविवार को भाजपा अटल सदस्यता अभियान मनाएगी। इस दिन पार्टी के सांसद और विधायक कम से कम बीस लोगों को भाजपा का सदस्य बनाएंगे।

***भाजपा प्रत्येक रविवार को अटल सदस्यता पर्व मनायेगी। चूंकि यह पूज्य अटल जी का शताब्दी वर्ष है, 100वीं जयन्ती हम लोग मनायेंगे, 25 दिसम्बर को, तो हम लोग अटल सदस्यता पर्व प्रत्येक रविवार को मानने का काम करेंगी। सदस्यता पर्व विधिक सभी माननीय सांसद, विधायक अपने आसपास के कम से कम 20 लोगों को सदस्य बनायेंगे।***

इसी क्रम में कल प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने गोरखपुर में सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान सांसद, विधायक और पदाधिकारियों के साथ ही कार्यकर्ताओ ने पार्टी की सदस्यता ली।

**********

***भेड़िया***

प्रदेश सरकार ने राज्य के तराई क्षेत्र के जिलों में लोगों, विशेषकर बच्चों पर हमला करने वाले भेड़ियों को मारने के आदेश दिए हैं। पीलीभीत जिले में कल समीक्षा बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए प्रदेश के वन एवं पर्यावरण मंत्री अरुण सक्सेना ने कहा कि सरकार ने आदेश जारी कर दिया है कि अगर वन विभाग की टीमें भेड़ियों को पकड़ने में विफल रहती हैं, तो उन्हें मार दिया जाए। वन विभाग की टीमों ने ड्रोन कैमरों के जरिए कैद किए गए छह भेड़ियों में से चार को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। बाकी दो भेड़ियों की तलाश में बीस से ज्यादा टीमें लगायी गयी हैं, जो बहराइच, लखीमपुर खीरी और दूसरे प्रभावित इलाकों के जंगलों में सर्च अभियान चला रही हैं।

(लखनऊ समाचार)

(समाप्त)